

# भोपाल में ई-बस सेवा का विस्तार, 10 नई बसों से घटेगा इंतजार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) द्वारा पीएम ई-बस सेवा के तहत शहरवासियों को बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। सोमवार, 24 अगस्त से तीन प्रमुख मार्गों बी-35, बी-36 और बी-37 पर 10 अतिरिक्त ई-बसों का संचालन शुरू किया जा रहा है। इनके शामिल होने के बाद शहर में संचालित ई-बसों की संख्या बढ़कर 30 हो जाएगी। अतिरिक्त बसों के संचालन से व्यस्त समय में बसों की आवृत्ति बढ़ेगी। पहले जहां बसों के बीच 15 से 20 मिनट का अंतराल था, वहीं अब प्रमुख समय में हर 10 से 15 मिनट में बस उपलब्ध होगी। इससे यात्रियों का इंतजार कम होगा और बसों में भीड़ का दबाव भी घटेगा। एसी ई-बसों के जरिए यात्रियों को आरामदायक और प्रदूषण-मुक्त यात्रा की सुविधा मिलेगी।

## यात्रियों को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

नए मार्गों के जरिए शहर के कई प्रमुख इलाकों को एक-दूसरे से जोड़ा गया है। बी-36 मार्ग कोच फैक्ट्री भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 से बैरागढ़ चिचली होते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, कोलार रोड तक जाएगा। बी-37 बैरागढ़ ई-बस डिपो से नादरा बस स्टैंड, वल्लभ भवन और बोर्ड ऑफिस चौराहा मेट्रो स्टेशन होते हुए आईएसबीटी तक जाएगा। इससे यात्रियों को शहर के प्रमुख आवागमन केंद्रों तक पहुंचने में आसानी होगी।

## एक नजर में

10 नई बसें ● 3 नए रूट ● कुल 30 ई-बसें ● 10-15 मिनट की आवृत्ति

बीसीएलएल ने नागरिकों से प्रदूषण-मुक्त और किफायती सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए ई-बस सेवा का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की है।

## रूट प्लान

बी-35 : बैरागढ़ से आकृति इकोसिटी

चिरायु अस्पताल, बैरागढ़ - आकृति इकोसिटी, सलैया

बी-36 : रेलवे स्टेशन से कोलार रोड

कोच फैक्ट्री भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर-1 - बैरागढ़ चिचली - श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, कोलार रोड

**प्रमुख स्टॉपः** द्वारका नगर, कोच फैक्ट्री, भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर-1, पुष्पा नगर, अशोका गार्डन, प्रभात पेट्रोल पंप चौराहा, ओल्ड सुभाष नगर, शांति निकेतन, चेतक ब्रिज तिराहा, बोर्ड ऑफिस चौराहा मेट्रो स्टेशन, एमपी नगर मेट्रो स्टेशन, भाजपा कार्यालय, सुभाष स्कूल, बिट्टन मार्केट, 1100 क्वार्टर, मनीषा मार्केट, बंसल अस्पताल, चूनाभट्टी चौराहा, मंदाकिनी चौराहा, नयापुरा, ललिता नगर, गेहूंखेड़ा, बैरागढ़ चिचली और श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, कोलार रोड।

बी-37 : बैरागढ़ से आईएसबीटी

बैरागढ़ ई-बस डिपो - नादरा बस स्टैंड - वल्लभ भवन - बोर्ड ऑफिस चौराहा मेट्रो स्टेशन - आईएसबीटी

**प्रमुख स्टॉपः** बैरागढ़ ई-बस डिपो, बैरागढ़ मार्केट, लालघाटी, कलेक्ट्रेट, हमीदिया अस्पताल, रॉयल मार्केट, एलबीएस अस्पताल, शाहजहांनाबाद, भोपाल टॉकीज, नादरा बस स्टैंड, रेलवे प्लेटफॉर्म नंबर-6, भारत टॉकीज, लेडी हॉस्पिटल, जहांगीराबाद, पीएचक्यू, मालवीय नगर, मिंटो हॉल, बिड़ला मंदिर, वल्लभ भवन, विंध्याचल, जिला न्यायालय, डीबी मॉल, बोर्ड ऑफिस चौराहा मेट्रो स्टेशन, चेतक ब्रिज और आईएसबीटी।

## यात्रियों के लिए मुख्य फायदे

- व्यस्त समय में 10-15 मिनट की आवृत्ति।
- बस स्टॉप पर इंतजार का समय कम होगा।
- अतिरिक्त बसों से भीड़ का दबाव घटेगा।
- एसी बसों में आरामदायक यात्रा की सुविधा।
- रेलवे स्टेशन, मेट्रो और आईएसबीटी तक पहुंच आसान होगी।
- बैरागढ़, पुराने भोपाल, एमपी नगर और कोलार क्षेत्र के यात्रियों को लाभ मिलेगा।

## जल्द शुरू होंगी 10 और बसें

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भोपाल में आम नागरिकों और बाहर से आने-जाने वाले यात्रियों को सस्ती व सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बस सेवा का विस्तार किया जा रहा है। जल्द ही 10 और बसें शुरू होंगी, जबकि 23 से 26 नए रूटों पर बसें चलाने की तैयारी है। भोपाल की सीमा तक करीब 240-245 बसें संचालित करने की योजना है। दो-तीन नए डिपो भी जल्द शुरू किए जाएंगे। मोबिलिटी प्लान के तहत मेट्रो, नगर निगम, यातायात और स्थानीय प्रशासन के समन्वय से रूट तय किए गए हैं। इलेक्ट्रिक बसों को भोपाल जिले के अंतिम गंतव्य तक पहुंचाने का प्रयास है। रक्षाबंधन पर बहनों की निशुल्क यात्रा की पूर्व व्यवस्था भी पहले की तरह जारी रहेगी।*

● **अंजू अरुण कुमार, सीईओ, भोपाल**

# निजी नंबर की बाइक से बाइक टैक्सी चलाने पर लगेगा ब्रेक

- **भोपाल में 10 हजार से अधिक बाइक टैक्सी चलने का दावा, कमर्शियल बाइक केवल 200 से 300**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** ओला और रैपिडो जैसी कंपनियों की बाइक टैक्सी सेवाओं पर परिवहन विभाग की कार्रवाई का असर पड़ सकता है। टैक्सी यूनियनों की मांग के बाद परिवहन विभाग ने एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म पर चल रहे गैर-कमर्शियल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के संकेत दिए हैं। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने स्पष्ट किया है कि एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म पर केवल कमर्शियल वाहन ही चलाए जा सकते हैं। निजी नंबर का वाहन यात्रियों को किराए पर ले जाते हुए मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शहर में ओला और रैपिडो के माध्यम से 10 हजार से अधिक बाइक के बाइक टैक्सी के रूप में इस्तेमाल होने का दावा किया जा रहा है। वहीं, परिवहन विभाग के अनुसार भोपाल में कमर्शियल नंबर वाली बाइक की संख्या करीब 200 से 300 है। टैक्सी यूनियनों का दावा है कि एग्रीगेटर कंपनियों के प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में निजी नंबर वाली बाइक और कारें यात्रियों को ले जा रही हैं। हालांकि, ऐसे वाहनों की वास्तविक संख्या का आधिकारिक आंकड़ा विभाग के पास उपलब्ध नहीं है।

परिवहन विभाग की कार्रवाई से निजी नंबर वाले दोपहिया वाहनों पर चलने वाली बाइक टैक्सी सेवाओं की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। हालांकि, कमर्शियल नंबर वाले और नियमों के तहत पंजीकृत वाहन यात्री परिवहन में संचालित किए जा सकेंगे।

टैक्सी यूनियन कल्याण समिति संपूर्ण भारत के वरिष्ठ राष्ट्रीय सचिव नफीस उद्दीन ने कहा कि कमर्शियल वाहन चालक परमिट, फिटनेस, बीमा और टैक्स समेत कई अनिवार्य औपचारिकताएं पूरी करते हैं। निजी वाहनों के व्यावसायिक इस्तेमाल से नियमों का पालन करने वाले कमर्शियल वाहन चालकों को आर्थिक नुकसान होता है। भोपाल में 18 और 19 अगस्त को टैक्सी यूनियनों की हड़ताल के दौरान भी निजी नंबर वाले वाहनों के इस्तेमाल का मुद्दा उठाया गया था। यूनियन ने मांग की थी कि एग्रीगेटर कंपनियों के जरिए केवल वैध कमर्शियल वाहनों से ही यात्रियों का परिवहन कराया जाए। आरटीओ के अनुसार गैर-कमर्शियल वाहन का व्यावसायिक इस्तेमाल मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



# रक्षाबंधन की तैयारियाँ, बाजार में बढ़ी रौनक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। राखियों और उपहारों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आने लगी है। बाजारों में बच्चों से लेकर युवाओं तक के लिए अलग-अलग डिजाइन और रंगों की राखियां उपलब्ध हैं। दुकानदारों ने पर्व को देखते हुए विशेष तैयारियां की हैं। आकर्षक पैकिंग में राखियों के साथ मिठाई और उपहारों की भी मांग बढ़ रही है। भाई-बहन के इस पर्व को लेकर लोगों में उत्साह है। बाजारों में देर शाम तक खरीदारी का सिलसिला जारी है।

# बच्चों संग नीलम पार्क में डटे शिक्षक भर्ती अभ्यर्थी

## पदवृद्धि की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना, एक अभ्यर्थी 18 घंटे से भूख हड़ताल पर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** वर्ग-2 माध्यमिक और वर्ग-3 प्राथमिक शिक्षक भर्ती-2025 में पदवृद्धि की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का नीलम पार्क में अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इंदौर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कुछ अभ्यर्थी अपने छोटे बच्चों के साथ धरना स्थल पर रात गुजार रहे हैं। सीमित सुविधाओं और मच्छरों के बीच महिलाएं बच्चों को संभालते हुए आंदोलन में डटी हैं।

इंदौर की शिक्षक अभ्यर्थी दीप्ति सिंह ठाकुर अपनी पांच और आठ वर्ष की बेटियों के साथ धरने में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पदवृद्धि की मांग को लेकर यह उनका 13वां आंदोलन है। शुक्रवार रात उन्होंने बेटियों के साथ पार्क में ही रात गुजारी। उनका कहना है कि पानी और शौचालय जैसी सुविधाओं की परेशानी के बावजूद वह अपनी मांग से पीछे नहीं हटेंगी। सरोज कुशवाहा अपने एक




वर्षीय बेटे माधव को साथ लेकर धरने में शामिल हुई हैं, जबकि बड़े बच्चे को रिश्तेदार के यहां छोड़ा है। उन्होंने बताया कि शिक्षक भर्ती की तैयारी में करीब चार वर्ष लगाए और 99 परसेंटाइल हासिल करने के बावजूद चयन नहीं हुआ। उनकी मांग है कि रिक्त पदों को भर्ती में शामिल कर पद बढ़ाए जाएं और दूसरी काउंसलिंग कराई जाए। अभ्यर्थी नरेंद्र राजपूत ने 21 अगस्त रात 12 बजे से भूख हड़ताल शुरू की है। शनिवार शाम तक करीब 18 घंटे से उन्होंने खाना-पानी नहीं लिया। उन्होंने स्वास्थ्य जांच की मांग की है।

अभ्यर्थियों की मांग वर्ग-3 में 25 हजार पद और वर्ग-2 में प्रत्येक विषय में करीब तीन हजार पद बढ़ाने की है। साथ ही बढ़े पदों के साथ दूसरी काउंसलिंग कराने की मांग है। अभ्यर्थियों के अनुसार नवंबर 2025 से पदवृद्धि को लेकर आंदोलन जारी है। 21 अगस्त 2026 से नीलम पार्क में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया है।

# सो रहे बुजुर्ग से चाकू की नोक पर लूट

## दो बदमाशों ने मारपीट कर छीने पैसे और मोबाइल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में दुकान के पास बेंच पर सो रहे एक बुजुर्ग से चाकू की नोक पर लूट का मामला सामने आया है। दो बदमाशों ने बुजुर्ग को घेरकर मारपीट की और चाकू दिखाकर उनके पास रखे पैसे और मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। घटना 16 अगस्त की है, जिसका सीसीटीवी फुटेज शनिवार को सामने आया। फुटेज में दिखाई दे रहा है कि बुजुर्ग दुकान के पास बेंच पर सो रहे थे। इसी दौरान दो बदमाश वहां पहुंचे। एक बदमाश के हाथ में चाकू था, जबकि दूसरे ने बुजुर्ग को धमकाते हुए सामान निकालने को कहा। बुजुर्ग उन्हें छोड़ने की गुहार लगाते रहे और कहते रहे कि उनके पास पैसे नहीं हैं। इसके बावजूद बदमाशों ने मारपीट कर उनकी जेब से पैसे निकाले और मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद दोनों मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार घटना के बाद बुजुर्ग ने अभी तक थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बुजुर्ग की पहचान कर उन्हें थाने बुलाकर बयान दर्ज कराने का प्रयास कर रही है। बयान के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फुटेज के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान और तलाश भी की जा रही है।

# शरीयत से टकराने वाला कानून स्वीकार नहीं: मुफ्ती गुफरान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मंगलवार चौराहा स्थित रुस्तम हम्माल मस्जिद में तकरीर के दौरान मुफ्ती मोहम्मद गुफरान खान नदवी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कुरान और शरीयत के प्रावधानों से टकराने वाला कोई कानून मुसलमान स्वीकार नहीं कर सकता। उन्होंने शहर काजी, शहर मुफ्ती, मसाजिद कमेटी और औकाफ से जुड़े जिम्मेदार लोगों की भूमिका पर भी सवाल उठाए। मुफ्ती गुफरान ने कहा कि मुस्लिम समाज ने संविधान और आपराधिक कानूनों को स्वीकार किया है, लेकिन व्यक्तिगत और धार्मिक मामलों में शरीयत के प्रावधानों से टकराव होने पर स्थिति अलग है। उन्होंने कहा कि निकाह, तलाक और विरासत जैसे मामलों में शरीयत के विपरीत प्रावधान स्वीकार्य नहीं होंगे।

# नियामक आयोग के चेयरमैन चयन के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन के चयन के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। ऊर्जा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार समिति के अध्यक्ष उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रूपेश चंद्र वार्ष्णेय होंगे। मुख्य सचिव अशोक

- **सेवानिवृत्त न्यायाधीश को बनाया अध्यक्ष**

बर्णवाल और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष को सदस्य बनाया गया है।

समिति आवेदनों में से योग्य नामों का पैनल तैयार कर राज्य शासन को सौंपेगी। चेयरमैन का पद करीब पौने दो साल से रिक्त है। पूर्व नियमित चेयरमैन सेवानिवृत्त आईएएस एसपीएस परिहार का कार्यकाल 2 जनवरी 2025 को समाप्त हुआ था। इसके बाद 3 जनवरी से पद रिक्त है। ऊर्जा विभाग ने जून 2024 से चयन प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन दो बार आवेदन बुलाने के बावजूद नियुक्ति नहीं हो सकी। जून में फिर आवेदन बुलाए गए थे। नियुक्त चेयरमैन को 2.25 लाख रुपये मासिक वेतन मिलेगा।

# दाखिले के बाद 11वीं के छात्र ने की खुदकुशी

- **स्कूल से घर लौटने के बाद कमरे में की आत्महत्या, सुसाइड नोट नहीं मिला**
- **दोस्तों और परिजन से जानकारी जुटा रहे**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** टीटी नगर इलाके में 11वीं कक्षा के 17 वर्षीय छात्र ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

पुलिस के अनुसार जवाहर चौक निवासी रितेश पाल शासकीय स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र था। गुरुवार शाम स्कूल से घर लौटने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। रात में उसका दोस्त घर पहुंचा तो रितेश फंदे पर लटका मिला। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

परिजन के मुताबिक रितेश का दो दिन पहले ही नए स्कूल में दाखिला हुआ था। उन्होंने आशंका जताई कि उसके साथ कुछ गलत हुआ हो सकता है। हालांकि पुलिस के अनुसार परिजन फिलहाल बयान देने की स्थिति में नहीं हैं। पुलिस ने मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। स्कूल, दोस्तों और परिजन से जानकारी जुटाई जा रही है।

**आक्रोश** *अवधपुरी में दुकानें बंद कर जताया विरोध, गुलमोहर-त्रिलंगा क्षेत्र में निकाली टॉर्च रैली*

# सीलिंग कार्रवाई के विरोध में व्यापारी और रहवासियों का प्रदर्शन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** आवासीय क्षेत्रों में अवैध निर्माण और व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ नगर निगम की सीलिंग कार्रवाई का विरोध तेज हो गया है। शनिवार को अवधपुरी क्षेत्र में व्यापारियों ने नोटिस के विरोध में प्रदर्शन किया और दुकानें बंद रखीं। वहीं संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति ने सेवय, गुलमोहर, त्रिलंगा और भरत नगर क्षेत्र में टॉर्च लाइट मार्च निकालकर कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए।

रहवासियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम छोटे कारोबारियों पर कार्रवाई कर रहा है, जबकि बड़े और प्रभावशाली लोगों के अवैध निर्माणों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। उनका कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद आवासीय भू-उपयोग वाली




जमीनों पर संचालित अवैध व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ पूरी तरह कार्रवाई नहीं हो रही है।

टॉर्च रैली के दौरान रहवासियों ने उन स्थानों की ओर रोशनी डालकर विरोध जताया, जहां उनके अनुसार आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां और अवैध निर्माण संचालित हैं। समिति ने कहा कि यह मार्च केवल विरोध नहीं, बल्कि शहर को अवैध निर्माण और अनियंत्रित व्यावसायिक गतिविधियों से बचाने का प्रयास है। रहवासियों ने आरोप लगाया कि कुछ बड़े मॉल और शोरूम ने एक अगस्त को नगर निगम के आदेश का हवाला देते हुए अपने संस्थान बंद किए थे, लेकिन इसके बाद भी उन पर आगे कार्रवाई नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं। संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति ने प्रदेश सरकार से भोपाल का मास्टर प्लान जल्द लागू करने की मांग की है। समिति का कहना है कि आवासीय क्षेत्रों में पब, बार, होटल, मॉल, चाय-सुट्टा बार, शोरूम, हॉस्टल और शराब दुकानों जैसी गतिविधियों को नियंत्रित किया जाना चाहिए।

समिति ने चेतावनी दी कि यदि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो वह न्यायालय में अवमानना याचिका दायर करेगी। समिति के अनुसार अरेरा कॉलोनी से शुरू हुई इस मुहिम में अब गौतम नगर, कोलार रोड, नेहरू नगर, प्रियदर्शनी, रोहित नगर, रचना नगर, बावड़िया, साकेत नगर, भेल, कोटरा, लालघाटी, शक्तिनगर, शाहपुरा और अन्य क्षेत्रों की रहवासी समितियां भी जुड़ रही हैं। समिति ने कहा कि प्रशासन को अवैध निर्माण और गलत भू-उपयोग के खिलाफ बिना भेदभाव कार्रवाई करनी चाहिए।